<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक – 01.06.2026 (संध्या–1900 बजे)</u>

<u>मुख्य समाचार</u>

- केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने राष्ट्रव्यापी खेत बचाओ अभियान का किया शुभारंभ , किसानों से रासायनिक उर्वरकों का उपयोग सीमित करने का आग्रह।
- राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने मणिपाल टाटा मेडिकल कॉलेज के दीक्षांत समारोह में 132 छात्रों को दी डिग्रियां, तकनीक और मानवीय संवेदनाओं के संतुलन के साथ समाज सेवा की अपील।
- केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात, केंद्र की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर चर्चा,जनहित से जुड़े मुद्दों पर भी विचार–विमर्श ।
- मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने की कल्याण विभाग की समीक्षा, राज्य में साइकिल उद्योग स्थापित करने की योजना तैयार करने का दिया निर्देश।
- रांची, खूंटी,सिमडेगा समेत कई जिलों में सात जून तक तेज आंधी के साथ बारिश का येलो अलर्ट, वज्रपात की चेतावनी।

******************

प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के छह वर्ष पूरे हो गए हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस योजना की सराहना करते हुए कहा कि पीएम स्वनिधि ने बिना गारंटी के ऋण, वित्तीय समावेशन और विकास के नए अवसर खोलकर लाखों रेहड़ी–पटरी वालों के जीवन स्तर में सुधार किया है। सोशल मीडिया पोस्ट में मोदी ने कहा कि यह योजना विश्वास, सम्मान और सशक्तिकरण पर आधारित है। एक रिपोर्ट

******************

केन्द्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा है कि पीएम स्वनिधि योजना के 6 वर्षों ने लाखों रेहड़ी–पटरी विक्रेताओं को सिर्फ आर्थिक सहायता ही नहीं, बल्कि आत्मविश्वास, सम्मान और नए अवसर भी दिए हैं। उन्होंने कहा कि यह स्वरोजगार, स्वावलंबन और स्वाभिमान के माध्यम से आत्मनिर्भर भारत को मजबूत करने का संकल्प है।

******************

केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज मध्य प्रदेश के रामसिया गांव में राष्ट्रव्यापी खेत बचाओ अभियान का शुभारंभ किया। यह अभियान एक महीने तक चलेगा। किसानों को संबोधित करते हुए श्री चौहान ने कहा कि खेत बचाओ अभियान का उद्देश्य मिट्टी और कृषि भूमि की रक्षा करना है। उन्होंने किसानों से रासायनिक उर्वरकों का उपयोग सीमित करने का आग्रह किया।

******************

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार आज जमशेदपुर के बारीडीह स्थित मणिपाल टाटा मेडिकल कॉलेज के पहले दीक्षांत समारोह में शामिल हुए। इस अवसर पर कॉलेज के '132 एमबीबीएस छात्रों' को डिग्री प्रदान की गई। अपने संबोधन में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने चिकित्सा क्षेत्र में तेजी से हो रहे बदलावों का उल्लेख करते हुए 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और नई चिकित्सा तकनीकों की भूमिका पर प्रकाश डाला। राज्यपाल ने छात्रों से तकनीकी नवाचारों को अपनाते हुए मरीजों की बेहतर सेवा करने का आह्वान किया।

******************

केन्द्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने आज झारखंड मंत्रालय में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात की। उन्होंने मख्यमंत्री को कोडरमा के हजारों छात्र–छात्राओं को विनोबा भावे विश्वविद्यालय हजारीबाग से हस्तांतरित कर सर जे.सी. बोस विश्वविद्यालय गिरिडीह से संबद्ध किए जाने पर उत्पन्न होने वाली समस्याओं से एक बार फिर अवगत कराया। सोशल मीडिया पोस्ट पर उन्होंने यह जानकारी दी और विश्वास व्यक्त किया कि इस विषय पर

मुख्यमंत्री  सकारात्मक पहल करेंगे।`साथ ही राज्य में महिला एवं बाल विकास मंत्रालय सहित केंद्र सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन एवं जनहित से जुड़े विषयों पर भी विस्तृत चर्चा हुई।

******************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कल्याण विभाग की समीक्षा बैठक में छात्रवृत्ति, साइकिल वितरण, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, छात्रावासों की स्थिति और आश्रम स्कूलों के विकास समेत कई महत्वपूर्ण विषयों पर अधिकारियों को दिशा–निर्देश दिए। उन्होंने राज्य में साइकिल उद्योग स्थापित करने की योजना तैयार करने, दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए ट्राइसाइकिल उपलब्ध कराने तथा कल्याण विभाग के विद्यालयों में एसआईआर और जनगणना से संबंधित जागरूकता अभियान चलाने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने वन अधिकार पट्टा वितरण अभियान में तेजी लाने, हॉस्टलों के निर्माण कार्य समय सीमा में पूरा करने तथा कल्याण गुरुकुल से प्रशिक्षित युवाओं के रोजगार संबंधी आंकड़े उपलब्ध कराने को कहा। इसके साथ ही उन्होंने नर्सिंग स्कूलों में युवकों की भागीदारी बढ़ाने, ड्राइविंग इंस्टीट्यूट खोलने का प्रस्ताव तैयार करने और कल्याण विभाग के अस्पतालों की व्यवस्था सुधारने के लिए कार्ययोजना प्रस्तुत करने का निर्देश दिया।

******************

एकेन्द्रीय रक्षा राज्य मंत्री सह रांची के सांसद संजय सेठ ने आज रांची के ओरमांझी क्षेत्र सवा करोड़ से अधिक की लागत से कई विकास योजनाओं का शिलान्यास किया। इसमें  डीप बोरिंग, स्नानागार और शौचालय, सामुदायिक भवन कार्य शामिल है। केन्द्रीय रक्षा राज्य मंत्री ने कहा कि क्षेत्र की बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करने और लोगों की वर्षों पुरानी मांगों को पूरा करने के लिए वे लगातार प्रयासरत हैं।

******************

स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने जामताड़ा विधानसभा क्षेत्र में  दुलाडीह–चारेडीह आदिवासी टोला सड़क निर्माण योजना का शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि चुनाव से पूर्व ग्रामीणों से किए गए सड़क निर्माण के वादे को पूरा किया जा रहा है और क्षेत्र के हर गांव को विकास की मुख्यधारा से जोड़ना उनकी प्राथमिकता है। मंत्री ने बताया कि सड़क निर्माण से हजारों ग्रामीणों को आवागमन, शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि और रोजगार के क्षेत्र में लाभ मिलेगा तथा आदिवासी बहुल गांव मुख्य सड़क और राष्ट्रीय राजमार्ग से जुड़ेंगे।

******************

रिम्स राजपत्रित कर्मचारी संघ के बैनर तले रिम्स के नर्सिंग स्टाफ ने निदेशक कार्यालय का घेराव और विरोध प्रदर्शन किया। बकाया वेतन भुगतान को लेकर विरोध प्रदर्शन में नर्सिंग स्टाफ, पैरामेडिकलकर्मी, स्थाई कर्मचारी और पी जी  डॉक्टर भी शामिल रहे। रिम्स निदेशक डॉ राजकुमार के आश्वासन पर आंदोलन को समाप्त कर दिया गया।

******************

मौसम विभाग ने रांची, खूंटी,सिमडेगा समेत राज्य के कई जिलों में सात जून तक तेज आंधी के साथ बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है इसके साथ ही वज्रपात की भी चेतावनी दी है ।

******************

रांची जिला वुशु एसोसिएशन और झारखंड वुशु एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में बिरसा मुंडा स्टेडियम में 10 दिवसीय ग्रीष्मकालीन वुशु प्रशिक्षण शिविर का आज शुभारंभ किया गया। शिविर में रांची जिले के खिलाड़ियों के साथ–साथ राज्य के अन्य जिलों के खिलाड़ी भी भाग ले रहे हैं।

*****समाप्त*******